# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 25.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",अमर उजाला, दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश, ज्ञानशिखा टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 25.01.2025

### अवैध प्लॉटिंग को चिह्नित कर ध्वस्तीकरण कराएं

वाराणसी। वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को वीडीए में शमन मानचित्रों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लॉटिंग को चिह्नित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करें। इस दौरान वार्ड शिवपुर, सिकरौल में 7,36,25,181 रुपये और वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा में 6,63,23,831 रुपये जमा कराए। ब्यूरो

### होटल का मानचित्र वीडीए ने स्वीकृत किया

वाराणसी। चेतगंज वार्ड के छित्तूपुर रोड पर हीरालाल जायसवाल के होटल का मानचित्र वीडीए ने शुक्रवार को स्वीकृत किया। रोड वाइडनिंग के लिए बाउंड्रीवाल का समायोजन किया गया। उनकी बाउंड्रीवाल रोड वाइडनिंग में आ रहा थी। उनसे कहा गया की मानचित्र स्वीकृति के उपरांत रोड वाइडनिंग में आ रही बाउंड्रीवाल को हटा लें। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 25.01.2025

### रोड बाइंडिंग में आ रही होटल की बाउंड्री हुई तीन मीटर पीछे

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शहर में छित्तुपुर रोड पर हीरालाल जायसवाल ने अपने होटल की बाउंड्री को तीन मीटर पीछे करने का कार्य शुरू कर दिया। इससे भविष्य में मार्ग को छह मीटर चौड़ा करने में सहूलियत होगी।

वीडीए के वार्ड-चेतगंज में चन्दुआ सट्टी स्थित मंदिर के सामने से छित्तुपुर रोड पर हीरालाल जायसवाल का होटल है। इसका समन मानचित्र स्वीकृत कराया गया था। इसकी बाउंड्री रोड वाईंडनिंग में आ रही थी। वीडीए ने उनका मानचित्र स्वीकृति के उपरांत रोड वाईडनिंग में आ रही बाउंड्री को हटाने का आदेश दिया था। इस क्रम में मानचित्र स्वीकृति होते ही हीरालाल ने बाउंड्री हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। बाउंड्रीवाल को लगभग 03 मीटर पीछे हटाने का काम किया जा रहा है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि मास्टर प्लान में इस रोड को 12 मीटर चौड़ा प्रस्तावित किया गया है। यह रोड वर्तमान में केवल छह मीटर चौड़ी है।



छित्तपुर रोड पर बाउंड्री को पीछे करने का चल रहा कार्य • वीडीए

## आज–दि0 25.01.2025

### आपसी सहमति से चेतगंज से छित्तूपुर के बीच हटायी गयी चहारदीवारी

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने रथयात्रा से गुरुबाग से सड़क चौड़ी करने के बाद लंका से कैण्ट तक चौड़ीकरण पर तेजी से अमल लाना शुरू कर दिया है। इसके लिए भवन स्वामी हीरा लाल जायसवाल का शमन मानचित्र इस शर्त पर मंजूर किया गया कि उन्होंने चेतगंज से छित्तूपुर रोड पर रोडबांइडिंग के लिए बाउंड्रीवाल को हटा दिया। इससे सड़क और चाड़ी हो जायेगी और बांउड्रीवाल हटने से लगभग तीन मीटर चौड़ीकरण का रास्ता खुल गया है। मास्टर प्लान में यह रोड १२ मीटर रखा गया है। जिसमें मीटर बायें और दाहिने दोनों तरफ सड़क चौड़ी होगी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 25.01.2025

### सड़क चौड़ीकरण में वीडीए ने गिराया बाउंड्रीवाल

वाराणसी। हीरालाल जायसवाल द्वारा रोड वाईडनिंग के लिए बाउंड्रीवाल का समायोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार चेतगंज वार्ड के छित्तुपुर रोड पर स्थित हीरालाल जायसवाल के होटल का शमन मानिचत्र स्वीकृत कराया गया था। क्योंकि उनकी बाउंड्रीवाल रोड वाईडनिंग में आ रहा था तो उनके द्वारा कहा गया की मानिचत्र स्वीकृति के उपरांत रोड वाईडनिंग में आ रही बाउंड्री वाल को हटा लिया जायेगा। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को सूचित किया कि इसी क्रम में मानिचत्र स्वीकृति के उपरांत उनके द्वारा रोड वाईडनिंग में आ रही बाउंड्रीवाल को लगभग 03 मी हटाने का काम किया जा रहा है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 25.01.2025

# लम्बित शमन मानिचत्रों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश

### वीडीए की जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक के दौरान लम्वित शमन मानिचत्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानिचत्र निस्तारण के निर्देश दिया। इस दौरान जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनिशकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपे गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। समीक्षा बैठक में जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियंता विजय सिंह, अवर अभियन्ता प्रिया अग्रहरि, भवन लिपिक किरन सिंह, जोनल अधिकरी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, अवर अभियंता वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक रक्षित रघुवंशी व समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित थे।

## न्यायाधीश–दि0 25.01.2025

# हीरालाल जायसवाल द्वारा रोड वाईडनिंग के लिए बाउंड्री वाल समायोजन



वाराणसी ।वार्ड-चेतगंज, छित्तुपुर रोड पर हीरालाल जायसवाल द्वारा होटल का शमन मानचित्र स्वीकृत कराया गया था चूँकि उनकी बाउंड्रीवाल रोड वाईडनिंग में आ रहा था तो उनके द्वारा कहा गया की मानचित्र स्वीकृति के उपरांत रोड वाईडनिंग में आरही बाउंड्री वाल को हटा लिया जायेगा ट जिसके क्रम में मानचित्र स्वीकृति के उपरांत उनके द्वारा रोड वाईडनिंग में आ रही बाउंड्रीवाल को लगभग 03 मी0 हटाने का काम किया जा रहा है ट इस संबंध में यह भी उल्लेखनीय है कि मास्टरप्लान में इस रोड को 12 मीटर चौड़ा प्रस्तावित किया गया है, जबकि पहले यह रोड केवल 6 मीटर चौड़ी थी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 25.01.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में अपर सचिव ने किया समीक्षा बैठक

वाराणसी। विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 12.01.2025 से 18.01.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 3,94,677.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-7,36,25,181.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 12.01.2025 से 18.01.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 23,99,731.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,63,23,831.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया।सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपे गये कार्यों के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त



समीक्षा बैठक में 1 के जोनल अधिकारी, श्री शिवा जी मिश्रा, अवर अभियन्ता, श्री विजय सिंह, अवर अभियन्ता, सुश्री प्रिया अग्रहरि, भवन लिपिक, श्रीमती किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकरी, श्री संजीव कुमार एवं अवर अभियन्ता, श्री विनोद कुमार, अवर अभियन्ता, सुश्री वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक, श्री रक्षित रघुवंशी एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

न्यायाधीश–दि0 25.01.2025

## वाविप्रा अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशों के क्रम में 24.जनवरी को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष मे अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास मे विगत दिनांक 12.01.2025 से 18.01.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 3,94,677.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 मे माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-7,36,25,181.00 एवं जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में विगत दिनांक 12.01.2025 से 18.01.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 23,99,731.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 मे माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,63,23,831.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह मे जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक मे अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपे गये कार्यों के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति मे सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में 1 के जोनल अधिकारी, श्री शिवा जी मिश्रा, अवर अभियन्ता, श्री विजय सिंह, अवर अभियन्ता, सुश्री प्रिया अग्रहरि, भवन लिपिक, श्रीमती किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकरी, श्री संजीव कुमार एवं अवर अभियन्ता, श्री विनोद कुमार, अवर अभियन्ता, सुश्री वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक, श्री रक्षित रघुवंशी एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।